(ब) दिनांक–26.01.2001 से 280 दिनों के भीतर जन्मी संतान को अयोग्यता की श्रेणी में नहीं माना जाएगा। इस संबंध में कृपया मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, जबलपुर में दायर रिट याचिका 5069/2002 (श्री ओझीलाल गोण्ड विरूद्ध म0प्र0 शासन) के प्रकाश में दिनांक–07.11.2003 को पारित न्याय दृष्टांत का अवलोकन करें।

4. कोई भी अभ्यर्थी नियुक्ति के लिये तब तक पात्र नहीं होगा जब तक कि उसे जिला चिकित्सा बोर्ड द्वारा पद पर नियुक्ति के लिये शारीरिक रूप से स्वस्थ होने का प्रमाण पत्र जारी नहीं किया हो।

बशर्तें, अभ्यर्थी को नियुक्ति दिनांक से 30 दिवस के भीतर यह प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा, नहीं प्रदान करने की दशा में अभ्यर्थी की नियुक्ति समाप्त कर दी जावेगी।

5. अभ्यर्थी की ओर से अपनी अभ्यर्थिता के लिये समर्थन प्राप्त करने का कोई भी प्रयास उसे नियुक्ति के लिये अयोग्य घोषित करा देगा।

6. कोई भी अभ्यर्थी नियुक्ति के लिये पात्र नहीं होगा यदि वह :–

(अ) राज्य या केन्द्र शासन द्वारा गैरकानूनी/अवैध घोषित किये गये किसी भी संस्था/निकाय का सदस्य हो अथवा विज्ञापन के प्रकाशन की दिनांक तक सदस्य हो (जो भी स्थिती हो)

अथवा

(ब) सक्षम प्राधिकारी द्वारा निम्नलिखित गतिविधियों या कार्यक्रमों में भाग लेने व जुड़ने से दोषी पाया गया हो :–

**एक**–जिसका ध्येय भारत के संविधान को क्षति पहुंचाने का रहा हो,

**दो**– जिसका ध्येय संगठित होकर विधि की अवज्ञा या भंग कर हिंसा कारित करना हो,

**तीन**– जो भारत की संप्रभुता व खण्डता या राज्य की सुरक्षा के हितों पर पूर्वाग्रह कारित करता हो,

**चार**–जो धर्म, वंश, भाषा, जाति या संप्रदाय के आधार पर विभिन्न वर्गों के मध्य शत्रुता या घृणा की भावना को प्रोत्साहित करता हो।

अथवा

(स) केन्द्र या राज्य सरकार या स्थानीय निकाय अथवा किसी भी न्यायालय द्वारा सेवा से बर्खास्त किया गया अभ्यर्थी पात्र नहीं होगा।

अथवा

(द) अभ्यर्थी को केन्द्रीय या संघ या लोक सेवा आयोग या स्थानीय निकाय या किसी भी न्यायालय द्वारा किसी परीक्षा या भर्ती प्रक्रिया में भाग लेने से अनर्हरित या अयोग्य किया गया हो।

अथवा

(ई) जो नैतिक अधमता से जुड़े अपराध के लिये दोषी ठहराया गया हो।

SHARMA JOBS

